ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

# नवोदय

पंजाब एण्ड सिंध बैंक की तिमाही गृह पत्रिका । सितंबर 2024

# Navodaya

Punjab & Sind Bank Quarterly House Journal | September 2024

## Our Bank presented

Dividend Cheque to Honorable Minister for Finance & Corporate Affairs

# Smt. Nirmala Sitharaman

Shri Swarup Kumar Saha (MD & CEO), Shri Ravi Mehra(Executive Director), Shri Rajeeva (Executive Director), Smt. M.G. Jayasree (MoF Nominee Director) and Shri Arnab Goswamy (Chief Financial Officer) were present there to handover the dividend cheque.

# नवोदय Navodaya

(केवल आंतरिक वितरण हेतु)

प्रधान कार्यालय, बैंक हाउस, 21, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली – 110008
Head Office, Bank House, 21, Rajendra Place, New Delhi - 110008

E-mail: editor.navodaya@psb.co.in



**मुख्य संरक्षक/Chief Custodian**
श्री स्वरूप कुमार साहा
**Shri Swarup Kumar Saha**
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी / MD & CEO

**संरक्षक / Custodian**
श्री रवि मेहरा
**Shri Ravi Mehra**
कार्यपालक निदेशक / Executive Director

श्री राजीवा
**Shri Rajeeva**
कार्यपालक निदेशक / Executive Director

**मुख्य संपादक / Chief Editor**
श्री गजराज देवी सिंह ठाकुर
**Shri Gajraj Devi Singh Thakur**
महाप्रबंधक / General Manager

**संपादक मंडल / Editorial Board**
श्री राजेश सी पांडे
**Shri Rajesh C Pandey**
महाप्रबंधक / General Manager

श्री निखिल शर्मा
**Shri Nikhil Sharma**
मुख्य प्रबंधक / Chief Manager

श्रीमती भारती
**Smt. Bharati**
प्रबंधक / Manager

पंजाब एण्ड सिंध बैंक गृह पत्रिका में प्रकाशित सामग्री में दिए गए विचार, संबंधित लेखक के अपने हैं। पंजाब एण्ड सिंध बैंक का प्रकाशित विचारों से सहमत होना ज़रूरी नहीं है। सामग्री की मौलिकता एवं कॉपी राइट अधिकारों के प्रति भी लेखक स्वयं उत्तरदायी है।



**मुद्रक :** जैना ऑफसेट प्रिंटर्स
ए 33 / 2, साइट–4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया,
गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश
**फोन नं. :** 98112 69844
**ई-मेल:** jainaoffsetprinters@gmail.com


# विषयसूची/Index


| | | |
|---|---|---|
| 1. | संपादक मंडल/विषय-सूची | 1 |
| 2. | शुभकामनाएं एवं सुझाव | 2 |
| 3. | संपादकीय | 3 |
| 4. | Money and Wealth | 4-6 |
| 5. | स्वतंत्रता दिवस समारोह | 7 |
| 6. | आज का व्यवसाय प्रबंधन | 8-9 |
| 7. | Branch Incharges Meeting, Zonal Office Chandigarh | 10 |
| 8. | Highlights of Bank performance of September 2024 | 11 |
| 9. | Zone performance as on 30.09.2024 | 12-13 |
| 10. | बैंकिंग उद्योग की चुनौतियां एवं निवारण | 14-16 |
| 11. | Inauguration of New Premises of Branch | 16 |
| 12. | स्वच्छता ही सेवा 2024 | 17 |
| 13. | RBI's Latest Guideline on Wilful Default and Wilful Defaulter | 18-19 |
| 14. | बैंक के अंचल कार्यालयों में स्वच्छता दिवस का आयोजन | 20-21 |
| 15. | डिपोजिट मोबेलाइजेशन के अंतर्गत वॉकथॉन का आयोजन | 22-23 |
| 16. | Cyber Crime: A hole in the boat of Banking Industry and The Way Forward | 24-28 |
| 17. | MoU Signed with PAU and PCSOA | 29 |
| 18. | चीन में बढ़ते आर्थिक संकट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव | 30-32 |
| 19. | Branch Incharges Meeting, Zonal Office Bareilly | 33 |
| 20. | Important Circulars of the Bank | 34-35 |
| 21. | World Food India 2024 | 36 |
| 22. | International Trade Expo | 37 |
| 23. | डिजिटल लेन-देन का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव | 38-40 |
| 24. | Move to Market Campaign drive | 41 |
| 25. | Free health check-up Camp | 41 |
| 26. | शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह (पंजाबी भाषा) | 42-44 |

# शुभकामनाएं एवं सुझाव / Letter to the Editor

नवोदय का यह नवीन अंक प्राप्त हुआ एवं पत्रिका नए रंगों को अपने में संजोए हुए प्रतीत हुई । पत्रिका में विषय बड़े ही मनोरम एवं विचारणीय है जो आपको एक बार सोचने पर मजबूर करते हैं चाहे वो 'जीवन में रिश्तों का महत्व हो' या 'समय का प्रवाह: एक बहता हुआ उपहार'अथवा 'Practising Gratitude in Life' जैसे आलेख हो। वहीं पत्रिका में बैंक के विभिन्न अंचल कार्यालयों में बैंक के 117वें स्थापना दिवस के आयोजन की झलकियां तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न अंचल कार्यालयों में की गई गतिविधियों की प्रस्तुति बड़े ही आकर्षक ढंग से की गई है। नवोदय के इस अंक के सफल प्रकाशन पर प्रकाशन मण्डल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**गुरदीप**
आंचलिक प्रबंधक
अंचल कार्यालय चेन्नई




सर्वप्रथम पत्रिका के कुशल एवं सफल संपादन हेतु हमारी ओर से शुभकामनाएं एवं आभार स्वीकार करें। हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पत्रिका के सारगर्भित संकलन, कुशल सम्पादन, गुणवत्ता सम्पन्न प्रकाशन के लिए संपादक मण्डल अभिनन्दनीय है। पत्रिका में वर्तमान परिदृश्य के विभिन्न विषयों को समेटा गया है, जैसे भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता जलवायु परिवर्तन, Time Management, जीवन में रिश्तों का महत्व समसामयिक चुनौतियों से हमारा परिचय कराते हैं। इसके अतिरिक्त पत्रिका की अन्य लेखन सामग्री भी अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं महत्वपूर्ण जानकारियों से परिपूर्ण है। पत्रिका के सफल संपादन के लिए संपूर्ण संपादकीय समूह को बहुत-बहुत बधाई एवं आगामी अंक हेतु शुभकामनाएं!

**राकेश कुमार यादव**
आंचलिक प्रबंधक
अंचल कार्यालय गुरदासपुर

बैंक की तिमाही पत्रिका "नवोदय" के जून, 2024 अंक की प्राप्ति हुई, जिसके लिए आपका कोटि-कोटि धन्यवाद। पत्रिका में प्रकाशित सामग्री हमेशा की तरह बहुत ही आर्कषक एवं प्रेरणादायक लगी। पत्रिका में प्रकाशित रचनांए जैसे भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता जलवायु परिवर्तन, जीवन में रिश्तों का महत्व, समय का प्रवाह: एक बहता हुआ उपहार आदि रचनाओं ने हृदय में विशेष स्थान बनाया। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी में प्रकाशित रचनांए जैसे Navigating the rural frontier – A personal account, Practising Gratitude in Life & Customer Service and customer centricity आदि भी बहुत अच्छी लगी। इस पत्रिका में प्रकाशित छायाचित्रों के माध्यम से बैंक के प्रधान कार्यालय एवं विभिन्न अंचल कार्यालयों में हो रही अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी मिली। मैं पत्रिका के सफल प्रकाशन एवं इस पत्रिका के माध्यम से बैंक को प्राप्त विभिन्न उपलब्धियों हेतु पत्रिका के संपादक मंडल/ प्रकाशक को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

**अनिल कुमार**
आंचलिक प्रबंधक
अंचल कार्यालय पंचकूला

# संपादकीय

**प्रिय साथियो,**

किसी भी संस्था की सफलता उसकी कार्यप्रणाली एवं नीतियों के कार्यान्वयन पर निर्भर करती है। हम एक ऐसी संस्था से जुड़े हुए हैं जिसका सीधा संबंध ग्राहक संतुष्टि से है। ऐसे में ग्राहक सेवा अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। जैसे-जैसे दुनिया तकनीकी युग की ओर बढ़ रही है, ग्राहक चाहते हैं कि उनकी समस्याओं का समाधान तुरंत हो जाए। इस तकनीकी क्रांति ने न केवल ग्राहकों को जागरूक किया है बल्कि वे तकनीकी रूप से अत्यंत सजग भी हो गये हैं। वे अब बैंकिंग की बारिकियों को भी बखूबी समझते हैं। इसलिए अब ग्राहकों को संतुष्ट करना थोड़ा कठिन तो है किंतु दुष्कर नहीं। यह ग्राहकों के विचारों एवं व्यवहार में एक बड़ा परिवर्तन है। हमें इसके साथ कदम-ताल करके चलना होगा। हमें तकनीकी रूप में सजग होने के साथ-साथ ग्राहकों की मनःस्थिति को भी समझने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें तकनीकी सशक्ता तथा साइबर सुरक्षा के प्रति स्वयं सचेत होना है और ग्राहकों को भी सचेत करना है। इस प्रकार के क्रियाकलापों से हम ग्राहकों को साइबर सुरक्षा के खतरों के विरुद्ध तैयार कर उनके विश्वासपात्र बन सकते हैं। इस विश्वास के बल पर ही हम उन्हें अपने बैंक से जोड़कर व्यवसाय में वृद्धि कर सकते हैं। ग्राहक संतुष्टि आज के प्रतिस्पर्धी उद्योग में आगे बढ़ने और उत्कृष्टता प्राप्त करने की कुंजी है।

**लें संकल्प सृजन का मन में, उम्मीदों से हो भरपूर,**
**धुन के पक्के उस राही से, मंज़िल है फिर कितनी दूर।**

गृह पत्रिका नवोदय भी इस दिशा में कार्य कर रही है। गृह पत्रिका नवोदय अपने विचारों और अनुभवों को दूसरों तक जोड़ने का एक साझा प्रयास है। इसी उद्देश्य से पत्रिका में अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं रोचक लेख एवं कार्टून को भी समाहित किया जाता है। इसके अतिरिक्त गृह पत्रिका नवोदय के इस अंक में मुख्य रूप से बैंक में आयोजित विभिन्न गतिविधियों, बैंक के विभिन्न उत्पादों, नीतियों, महत्वपूर्ण परिपत्रों सहित आज का व्यवसाय प्रबंधन, wilful defaulter, Money & Wealth, Cyber-crime case study आदि लेख भी समाहित किए गए हैं, जो हमारी जानकारी को पोषित करते हैं। इसलिए आप सभी अपने विचारों को पत्रिका के माध्यम से साझा करते रहें।

मुझे विश्वास है कि आप इसे उपयोगी और सूचनाप्रद पाएंगे। बैंकिंग के विविध पहुलओं को समेटे यह पत्रिका आपको कैसी लगी, इसके अनवरत सुधार की दिशा में आपकी प्रतिक्रिया एवं सुझावों का हमें सदैव इंतजार रहेगा।

**(गजराज देवी सिंह ठाकुर)**
महाप्रबंधक एवं मुख्य संपादक

# MONEY AND WEALTH

Dr. Charanjit Singh

We have all heard of money and wealth. Money makes the mare go; reads an English phrase. Consider another one we learnt at school. 'Early to bed and early to rise, makes a man healthy, wealthy and wise'. Notice that of the two phrases, one talks of money while the other mentions wealth and exhorts us to aim to be wealthy in life; not moneyed.

So, is money and wealth the same thing or are they different? For most of us the concept and understanding about the precise meaning of the two are hazy. The economists, who are experts in such matters, tell us that they are related but not the same thing. Money and wealth are not synonyms. Instinctively too, it is obvious to common people that in a modern society wealth is regarded superior to money. Let us understand the distinction between the two.

To understand the difference between money and wealth, consider the example of a salaried person who receives a fixed sum of money as salary at the end of each month. He pays all his bills, rents, travel, school fees, entertainment, health bills and other expenses from the money he receives as his salary. Assume he has some money left at the end of the month, after meeting all his expenses. We call this as his savings which he puts in his bank account. This is the money he can call as his own. His savings are his wealth.

If he saves some money from his salary each month and deposits in his bank account, then over time his savings in the bank will grow as his savings will now earn interest. He can choose the method of keeping his money in the bank. He can use savings account or he can choose the fixed deposits, whereby he deposits his savings with his bank for a fixed period and the bank pays him interest. In this way his savings begin to earn and grow.

We say that his savings each month are his wealth. His wealth

will grow with time because the saving each month will get added to his 'wealth' and the interest earned on the amount in his bank account will also increase. This is one example. There are other methods of investing his savings, which may earn him more.

We see that the salary earned by the man in our example is money but all of it is not wealth. He will spend most of the money received as salary to pay for the goods and services essential to run his household. What he receives as salary is money. It is compensation for the services he renders to his employer. But it is only what he saves from his salary after paying all living expenses that really belongs to him. This constitutes his wealth.

We can extend the example to other people in society like shop keepers, skilled workers or those who are self-employed. We see that in their cases too, all money they receive is not wealth. They too must meet their household and other essential expenses from their incomes. What remains will be their savings. It is only what is left after meeting all expenses that will count as their wealth. If they invest their 'wealth' wisely, it will begin to earn and their 'wealth' will grow with time.

Money is a medium of exchange, usually the currency of a country. It is used by people and entities to pay for goods and services, and to repay loans. In ancient human societies, barter was the practice followed by people to pay for goods and services. In those days, the payment in the international trade were accepted in gold and silver. As the civilisations and their human societies progressed, currency was invented. It has made the financial transactions simple and easy.

Over the centuries the currency has undergone improvements. It has taken the form of metal coins and paper money. We use them today in our daily cash transactions at the market place. In the last few decades advance in computer technology has influenced money and currency. The money transactions among the public and institutions are now more and more in the digital form and less and less in hard currency.

In the developed and advanced countries, the digital financial transactions have almost fully replaced the cash. These societies are close to becoming cashless. In the last couple of decades, our own government has taken steps to popularise the use of digital money rather than cash. This has been made easy by the invention of smart phones. The digital financial transactions have become popular in India too as more and more people embrace them.

In practice, common people use both, cash and digital money, for transactions at the market place in their daily lives. Salaries, wages, payment for goods and services and purchases at market place are examples of money paid as consideration for the transactions. The variety of such everyday money transactions in a modern human society is multifarious.

We have seen that money provides a sense of security and convenience, but it doesn't necessarily equate to wealth. Wealth is regarded as superior to money. Wealth is something which commands goods and services at will. If a person has adequate wealth, then, barring some exceptions, he or she can acquire whatever he or she wishes to; tangible or intangible. Wealth in ancient Indian texts is also called 'sarab sadhan', meaning it can solve almost all problems in life.

Wealth is more than money. Land, and even livestock, can be and has been used to measure and evaluate wealth. The ancient Egyptians, for instance, measured wealth based on quantity of wheat possessed by a person. Herding cultures have often used sheep, horses, or cattle as measures of wealth. In the south Indian state of Kerala, number of coco-nut trees a person owns is regarded his wealth. The coco-nut trees yield a crop of coconuts each season which earns cash to the owner.

The economists define wealth as the total value of a person's assets, minus the debts. It includes the value of physical and intangible assets, such as property and investments. Wealth allows a person to take advantage of favourable investment opportunities which may present themselves at short notice.

Wealth can also include aspects of life beyond finances, such as health, education, relationships, goodwill and personal growth. Wealth can impact many aspects of life, including educational attainment, job opportunities, political power, and overall well-being. Money is wealth but all wealth is not money.

Riches is yet another term used in the context of money and wealth. Human societies differentiate between rich and wealthy. A wealthy person is regarded superior to the one considered rich.

There is an important and essential difference between the natures of money and wealth. The real value of money decreases with time on account of ever-present inflationary tendencies in the price of the goods and services. With passage of time, as inflation impacts, the price of goods and services will increase, and the same amount of money will buy less and less quantity of goods and services.

If there is an inflation of 10 percent, then a sum of 100 rupees today will be worth 90 rupees after one year. After one more year, its value will depreciate by another 9 rupees and it will then be worth only 81 rupees. The true and real value of a principal amount will continue to decline each year depending on the prevailing rate of inflation.

Wealth on the other hand appreciates with time. Consider an example. An amount of 100 rupees deposited in the bank at 10% annual interest will become 110 rupees after one year. The second year will earn 11 rupees by interest and the amount will become 121 rupees. With each passing year the wealth in our example will appreciate by 10 percent. There are other methods of investment available to a person with wealth. He can invest in real estate, housing, business and trade opportunities etc.

For the wealth to appreciate in real terms, it must be invested in such a way, that it earns more than the prevailing rate of inflation.

We should continuously make effort to convert our earned money into wealth. For most individuals it is advisable to save 10 to 15 % of their earnings each month and put the money thus saved into the bank as fixed deposit for a period which earns maximum interest. Your bank will advise you on this count. This should be done each month. When these fixed deposits mature, they can be renewed for another period. The process should be followed for as long as possible.

For those who are young in their careers, the practice of saving each month, investing the savings in fixed deposits and renewing them on their maturity should begin now and in earnest; and continued for as long as it is possible. Such financial discipline, if continued over 20-30 years will make their savings turn into substantial amount of wealth. So substantial that it will surprise them. They will begin to enjoy the benefits of their wealth.

The financial security from the wealth so created, will be in addition to the financial benefits received by a person on his retirement. His own wealth, which he has created by wisely saving and investing will be a source of additional regular substantial income. His wealth will be a real gold mine for meeting the expenses of higher education, marriage, purchasing house etc. or meeting other commitments and responsibilities. Such heavy expenses often arise just before or immediately after retirement. With the financial security of the wealth so created, the wise man and his family will enjoy a happy retired life.

It is time for you to start converting your money into wealth.

**Retd. Chief Manager**

# "ONE LIFE"

Hey Blue Blue, any clue???
Why you dim, add some hue..
You locked the code, lost the zeal
Be rainbow mode, accept the deal..

Written life, a perfect boon
Live this beauty, like a full moon..
No matter what; always carry a smile
Trust the plan, walk a mile ☺

Life is a mockery; to the extreme
Fate is like lottery; Winning is like dream..
BUT
Existing is an option; Living is a choice
This world will hear you; just raise your voice..
After all, ONE LIFE !!!

**GurJeet SIngh**
Manager
HO Inspection

# स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त, 2024

बैंक के प्रधान कार्यालय द्वारा स्टाफ प्रशिक्षण कॉलेज रोहिणी में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें श्री स्वरूप कुमार साहा (प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी), श्री राजीवा (कार्यपालक निदेशक), श्री अरुण कुमार अग्रवाल (मुख्य सतर्कता अधिकारी) तथा अन्य उच्चाधिकारीगणों द्वारा सहभागिता की गई। इस उपलक्ष्य में वृक्षारोपण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त विभाजन विभीषिका दिवस पर भी प्रदर्शनी लगाई गई।

एमडी एवं सीईओ ध्वजारोहण करते हुए

विभाजन विभीषिका संबंधी प्रदर्शनी

उच्चाधिकारीगण वृक्षारोपण करते हुए

# आज का व्यवसाय प्रबंधन

साक्षी वर्मा

आज का व्यवसाय प्रबंधन एक गतिशील और परिवर्तनशील क्षेत्र है जो न केवल पारंपरिक प्रबंधन सिद्धांतों को अपनाता है, बल्कि नई तकनीकी उन्नतियों और बदलती बाजार स्थितियों के अनुरूप ढलता है। वैश्विक प्रतिस्पर्धा, डिजिटलीकरण और ग्राहक केन्द्रित दृष्टिकोण ने व्यवसाय प्रबंधन की परिभाषा को व्यापक रूप से बदल दिया है। डिजिटल युग के साथ कंपनियां डेटा-ड्रिवन निर्णय, ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, नवाचार, स्थिरता, और प्रभावी नेतृत्व पर जोर दे रही हैं। सफलता पाने के लिए व्यवसायों को इन बदलती परिस्थितियों के अनुसार अपने प्रबंधन दृष्टिकोण को लगातार अद्यतित और अनुकूलित करना होगा।

1998 में कोडक कंपनी में लगभग 1,70,000 कर्मचारी काम करते थे और वो दुनिया का 85% फ़ोटो पेपर बेचते थे। चंद सालों में ही डिजिटल फोटोग्राफी ने इस कंपनी को बाज़ार से बाहर कर दिया। इस प्रकार कोडक कंपनी दिवालिया हो गयी और उनके सभी कर्मचारी सड़क पर आ गए। इसी प्रकार अन्य कंपनियां जैसे एचएमटी (घड़ी), बजाज (स्कूटर), डायनोरा (टीवी), मर्फी (रेडियो), नोकिया (मोबाइल), राजदूत (बाईक), एम्बेसडर (कार) आदि ऐसी हैं जिनकी गुणवत्ता में कोई कमी नहीं थी फिर भी बाजार से बाहर हो गईं। इसका कारण यही कि उन्होंने समय के साथ बदलाव नहीं किया। क्या आपको अंदाजा है कि आने वाले 10 सालों में दुनिया पूरी तरह बदल जायेगी और आज चलने वाले 70 से 90 प्रतिशत उद्योग बंद हो सकते हैं। कुछ उदाहरणों के माध्यम से आप अनुमान लगा सकते हैं-

1. उबर (ऑनलाइन प्लेटफॉर्म) सिर्फ एक सॉफ्टवेयर है। उसकी अपनी खुद की एक भी कार नहीं है इसके बावजूद वो दुनिया की सबसे बड़ी टैक्सी कंपनी है।

2. एयर बीएनबी दुनिया की सबसे बड़ी होटल कंपनी है, जबकि उसके पास अपना स्वयं का एक भी होटल नहीं है।

3. एक जानकारी के अनुसार यूएस में अब युवा वकीलों के लिए कोई काम नहीं बचा है, क्योंकि आइबीएन वॉटसन नामक सॉफ्टवेयर पल भर में ज़्यादा बेहतर कानूनी सलाह दे देता है।

4. वॉटसन नामक सॉफ्टवेयर मनुष्य की तुलना में कैंसर का डायग्नोसिस 4 गुना ज़्यादा सटीकता से करता है।

5. समय के साथ इस प्रकार बदलाव होने से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अगले 10 सालों में दुनिया भर की सड़कों से 90% कारें कम हो जाएंगी। जो बचेंगी वो या तो इलैक्ट्रिक कारें होंगी या फिर हाइब्रिड। सड़कें खाली होंगी, पैट्रोल की खपत 90% घट जायेगी। सारे अरब देशों का क्या होगा आप अनुमान लगा सकते हैं।

6. आप उबर जैसे एक सॉफ्टवेयर से कार मंगाएंगे और कुछ ही क्षणों में एक बिना ड्राइवर वाली कार आपके दरवाज़े पर खड़ी होगी। उसे यदि आप किसी के साथ शेयर कर लेंगे तो वो राइड आपकी बाइक से भी सस्ती पड़ेगी। बिना ड्राइवर कार होने के कारण लगभग 99% दुर्घटनाएं होनी बंद हो जायेंगी। इससे कार इंश्योरेंस नामक कारोबार बंद हो जाएगा। ड्राईवर जैसा कोई रोज़गार धरती पर नहीं बचेगा। जब शहरों और सड़कों से 90% कारें कम हो जाएंगी, तब ट्रैफिक और पार्किंग जैसी समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी, क्योंकि एक कार आज की 20 कारों के बराबर होगी।

आज से लगभग 10 वर्ष पहले ऐसी कोई जगह नहीं होती थी जहां पीसीओ न हों। फिर जब सभी की जेब में मोबाइल फोन आ गया तो पीसीओ बंद होने लगे। इसके बाद पीसीओ वालों ने फोन का रीचार्ज बेचना शुरू कर दिया। अब तो रिचार्ज भी ऑन लाइन होने लगा है। आजकल बाज़ार में हर तीसरी दुकान मोबाइल फोन जैसे सेल, सर्विस, रीचार्ज, एक्सेसरीज, रिपेयर, मेंटीनेंस की है। यह सब अब पेटीएम से हो जाता है। लोग अब रेल का टिकट भी अपने फोन से ही बुक कराने लगे हैं। इस प्रकार पैसे का लेनदेन भी बदल रहा है। अब यह डिजिटल हो गया है। दुनिया बहुत तेज़ी से बदल रही है। अत: समय के साथ बदलने की तैयारी करें। व्यक्ति को समयानुसार अपने व्यापार एवं अपने स्वभाव में भी बदलाव करते रहना चाहिये। इनमें से कुछ परिवर्तन हमारे व्यवसाय को गति प्रदान कर सकते हैं-

1. **डिजिटलीकरण और तकनीकी उन्नति** : डिजिटलीकरण ने व्यवसाय प्रबंधन को क्रांतिकारी तरीके से बदल दिया है। सॉफ्टवेयर, क्लाउड कम्प्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-AI) जैसे तकनीकी उन्नति ने प्रबंधन प्रक्रियाओं को अधिक कुशल और प्रभावी बना दिया है। डाटा एनालिटिक्स के माध्यम से कंपनियां ग्राहक व्यवहार और बाजार प्रवृत्तियों की गहरी समझ प्राप्त कर सकती हैं, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज और सटीक हो जाती है।

2. **ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण** : आज के व्यापारिक वातावरण में ग्राहक की प्राथमिकता को समझना और उसके अनुरूप सेवाएं प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्राहक अनुभव (कस्टमर एक्सपीरियंस) प्रबंधन, व्यक्तिगत सेवाओं की पेशकश और ग्राहक फीडबैक पर ध्यान देने से कंपनियां ग्राहक संतोष को बढ़ा सकती हैं और लॉयल्टी को मजबूत कर सकती हैं।

3. **लचीलापन और नवाचार :** व्यापार जगत में तेजी से बदलते

परिदृश्य को देखते हुए लचीलापन और नवाचार की आवश्यकता अत्यधिक बढ़ गई है। कंपनियों को अपनी रणनीतियों और प्रक्रियाओं को लगातार अद्यतित और अपनाना पड़ता है। नए उत्पाद और सेवाओं का विकास और अपने मौजूदा बिजनेस मॉडल में सुधार करना कंपनियों को प्रतिस्पर्धा में बनाए रखने में मदद करता है।

4. **स्थिरता और सामाजिक जिम्मेदारी** : आज के व्यवसाय प्रबंधन में स्थिरता और सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व भी बढ़ गया है। कंपनियां पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने, सामाजिक मुद्दों पर ध्यान देने और नैतिक आचरण को अपनाने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यह न केवल कंपनी की छवि को सुदृढ़ करता है बल्कि दीर्घकालिक सफलता के लिए भी आवश्यक है।

5. **नेतृत्व और टीम प्रबंधन** : सफल व्यवसाय प्रबंधन के लिए प्रभावी नेतृत्व और टीम प्रबंधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज के नेतृत्व को प्रेरणादायक, सहयोगात्मक और परिणाम-उन्मुख होना चाहिए। टीम प्रबंधन में पारदर्शिता, कर्मचारियों के विकास पर ध्यान और एक सकारात्मक कार्य संस्कृति का निर्माण करना आवश्यक है।

अत: आज का व्यवसाय प्रबंधन एक जटिल और विविधतापूर्ण क्षेत्र है जिसमें तकनीकी, ग्राहक और सामाजिक प्रवृत्तियों के साथ सामंजस्य स्थापित करना आवश्यक है। व्यवसायों को निरंतर परिवर्तनशील वातावरण के अनुसार अपनी रणनीतियों को अद्यतित करना होगा, समय के साथ बदलाव करना होगा ताकि वे न केवल प्रतिस्पर्धा में बने रहें बल्कि स्थिरता और सफलता प्राप्त कर सकें। इसलिए, आज का व्यवसाय प्रबंधन न केवल कुशल प्रबंधन की मांग करता है बल्कि नवाचार, लचीलापन, और सामाजिक जिम्मेदारी को भी महत्व देता है।

**अधिकारी**
**प्र. का. सूचना प्रौद्योगिकी**

# BRANCH INCHARGES MEETING

Zonal Office Chandigarh Organised Branch Incharges Meeting In the Presence of Shri Ravi Mehra, Executive Director & Shri Chaman Lal Shienhmar, Field General Manager and Felicitate the top performer of the Branches.

# सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही हेतु बैंक के वित्तीय परिणाम

राशि करोड़ में

| मानक | द्वितीय तिमाही वित्तीय वर्ष 2023-24 | द्वितीय तिमाही वित्तीय वर्ष 2024-25 | वार्षिक विकास-दर |
|---|---|---|---|
| परिचालन लाभ | 260 | 458 | 198 |
| शुद्ध लाभ | 189 | 240 | 51 |
| परिसंपत्ति पर प्राप्ति (आरओए) | 0.52 | 0.65 | 13 बीपीएस |
| लाभांश (आरओई) | 10.47 | 10.91 | 44 बीपीएस |
| अग्रिम-उपज (वाईओए) | 8.62 | 8.75 | 13 बीपीएस |
| लागत-आय अनुपात | 72.4 | 62.82 | (958) बीपीएस |
| गैर-ब्याज आय | 268 | 359 | 91 |
| ऋण-जमा अनुपात | 70.32 | 73.4 | 308 बीपीएस |
| स्लिपेज अनुपात | 0.45 | 0.28 | (17) बीपीएस |
| सकल गैर निष्पादित आस्ति (%) | 6.23 | 4.21 | (202) बीपीएस |
| निवल गैर निष्पादित आस्ति (%) | 1.88 | 1.46 | (42) बीपीएस |
| कुल वसूली एवं उन्नयन | 594 | 327 | -267 |
| ऋण लागत | (0.05) | 0.11 | 16 बीपीएस |
| एनआईएम | 2.33 | 2.71 | 38 बीपीएस |
| कासा जमा | 36327 | 37744 | 1417 |
| कुल जमा | 116481 | 124025 | 7544 |
| सकल अग्रिम | 81906 | 91032 | 9126 |
| कुल व्यापार | 198387 | 215057 | 16670 |

# दिनांकित 30-09-2024 तक

राशि करोड़ में

| आंचलिक कार्यालय | कुल जमा (थोक जमा के अलावा) | | | सकल अग्रिम | | | कासा जमा (अतिदेय सावधि जमा के अलावा) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मार्च 2024 | सितंबर 2024 | | मार्च 2024 | सितंबर 2024 | | मार्च 2024 | सितंबर 2024 | |
| | | लक्ष्य | उपलब्धि | | लक्ष्य | उपलब्धि | | लक्ष्य | उपलब्धि |
| अमृतसर | 5741 | 6208 | 5965 | 2077 | 2200 | 2120 | 2472 | 2662 | 2486 |
| बरेली | 2086 | 2263 | 2084 | 2253 | 2368 | 2310 | 1380 | 1485 | 1311 |
| भटिंडा | 1997 | 2168 | 2041 | 1651 | 1741 | 1709 | 941 | 1018 | 911 |
| भोपाल | 2434 | 2606 | 2503 | 1424 | 1531 | 1429 | 1053 | 1106 | 1030 |
| चंडीगढ़ | 7027 | 7466 | 7232 | 2519 | 2686 | 2547 | 2905 | 3039 | 2868 |
| चेन्नई | 814 | 880 | 844 | 3480 | 3722 | 3110 | 322 | 339 | 305 |
| देहरादून | 3109 | 3320 | 3163 | 1393 | 1483 | 1462 | 1576 | 1648 | 1540 |
| दिल्ली - I (सीबीबी के अलावा) | 5624 | 5991 | 5710 | 2110 | 2251 | 2076 | 2006 | 2239 | 1939 |
| दिल्ली - II | 7725 | 8185 | 7860 | 1723 | 1847 | 2797 | 2916 | 3059 | 2979 |
| फरीदकोट | 3459 | 3754 | 3529 | 1971 | 2075 | 2074 | 1596 | 1721 | 1559 |
| गांधीनगर | 584 | 632 | 585 | 1159 | 1231 | 1118 | 220 | 232 | 214 |
| गुरदासपुर | 3877 | 4198 | 4030 | 1569 | 1651 | 1587 | 1759 | 1892 | 1776 |
| गुरुग्राम | 2424 | 2590 | 2510 | 1872 | 2020 | 2082 | 1130 | 1184 | 1112 |
| गुवाहाटी | 1738 | 1861 | 1460 | 493 | 527 | 505 | 1037 | 1088 | 776 |
| होशियारपुर | 3801 | 4118 | 3945 | 1033 | 1090 | 1053 | 1604 | 1725 | 1598 |
| जयपुर | 1942 | 2079 | 1982 | 2100 | 2248 | 2113 | 900 | 946 | 882 |
| जालंधर | 6526 | 7040 | 6781 | 1413 | 1502 | 1433 | 2584 | 2777 | 2606 |
| कोलकाता | 3635 | 3879 | 3701 | 4414 | 4683 | 4328 | 1464 | 1535 | 1446 |
| लखनऊ | 4058 | 4331 | 4199 | 2788 | 2959 | 2895 | 1924 | 2015 | 1920 |
| लुधियाना | 4500 | 4875 | 4658 | 2337 | 2480 | 2306 | 2005 | 2158 | 1982 |
| मुंबई (सीबीबी के अलावा) | 2062 | 2204 | 2127 | 1272 | 1375 | 1355 | 709 | 964 | 686 |
| नोएडा | 3514 | 3760 | 3341 | 1301 | 1407 | 1306 | 1794 | 1882 | 1525 |
| पंचकूला | 3404 | 3697 | 3479 | 2152 | 2270 | 2139 | 1532 | 1648 | 1550 |
| पटियाला | 4036 | 4373 | 4148 | 2518 | 2639 | 2526 | 1521 | 1635 | 1488 |
| विजयवाड़ा | 1511 | 1620 | 1490 | 8103 | 8440 | 6510 | 629 | 659 | 635 |
| सीबीबी दिल्ली | 351 | 374 | 379 | 12504 | 13365 | 11132 | 125 | 135 | 75 |
| सीबीबी मुंबई | 267 | 285 | 234 | 13946 | 15373 | 19029 | 207 | 220 | 164 |
| **बैंक के कुल आंकड़े** | **88244** | **94761** | **89369** | **85964** | **93110** | **91032** | **37981** | **40653** | **37365** |

# आंचलिक कार्यालयों का कार्य प्रदर्शन

राशि करोड़ में

| आंचलिक कार्यालय | खुदरा ऋण | | | कृषि ऋण | | | सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम ऋण | | | गैर निष्पादित आस्तियाँ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मार्च 2024 | सितंबर 2024 | | मार्च 2024 | सितंबर 2024 | | मार्च 2024 | सितंबर 2024 | | मार्च 2024 | सितंबर 2024 | |
| | | लक्ष्य | उपलब्धि | | लक्ष्य | उपलब्धि | | लक्ष्य | उपलब्धि | | लक्ष्य | उपलब्धि |
| अमृतसर | 728 | 783 | 770 | 963 | 994 | 981 | 385 | 417 | 367 | 182 | 171 | 169 |
| बरेली | 361 | 389 | 368 | 1298 | 1339 | 1372 | 593 | 640 | 569 | 259 | 245 | 260 |
| भटिंडा | 361 | 393 | 361 | 1023 | 1058 | 1059 | 257 | 280 | 279 | 66 | 63 | 78 |
| भोपाल | 425 | 457 | 445 | 198 | 205 | 185 | 774 | 837 | 764 | 98 | 93 | 104 |
| चंडीगढ़ | 1228 | 1315 | 1296 | 415 | 429 | 416 | 722 | 779 | 740 | 150 | 140 | 132 |
| चेन्नई | 651 | 695 | 670 | 20 | 22 | 20 | 530 | 578 | 491 | 105 | 101 | 103 |
| देहरादून | 502 | 541 | 525 | 420 | 432 | 403 | 426 | 461 | 463 | 112 | 106 | 99 |
| दिल्ली - I (सीबीबी के अलावा) | 790 | 844 | 828 | 132 | 135 | 136 | 948 | 1019 | 926 | 168 | 167 | 125 |
| दिल्ली - II | 928 | 993 | 966 | 82 | 85 | 85 | 626 | 678 | 650 | 46 | 43 | 45 |
| फरीदकोट | 382 | 415 | 400 | 1283 | 1326 | 1351 | 307 | 334 | 324 | 98 | 92 | 95 |
| गांधीनगर | 253 | 272 | 288 | 108 | 111 | 102 | 355 | 383 | 367 | 70 | 64 | 67 |
| गुरदासपुर | 410 | 440 | 421 | 736 | 758 | 736 | 384 | 415 | 390 | 163 | 151 | 157 |
| गुरुग्राम | 807 | 865 | 852 | 213 | 220 | 215 | 546 | 592 | 516 | 96 | 91 | 87 |
| गुवाहाटी | 250 | 266 | 272 | 23 | 24 | 15 | 220 | 238 | 218 | 22 | 21 | 25 |
| होशियारपुर | 287 | 309 | 323 | 573 | 594 | 544 | 172 | 187 | 185 | 74 | 70 | 73 |
| जयपुर | 680 | 730 | 738 | 778 | 803 | 723 | 636 | 692 | 651 | 157 | 148 | 154 |
| जालंधर | 556 | 598 | 560 | 349 | 359 | 349 | 412 | 449 | 429 | 101 | 95 | 90 |
| कोलकाता | 840 | 900 | 822 | 152 | 157 | 160 | 1047 | 1120 | 1089 | 345 | 331 | 374 |
| लखनऊ | 896 | 959 | 878 | 272 | 281 | 250 | 1058 | 1133 | 1030 | 249 | 239 | 251 |
| लुधियाना | 527 | 571 | 531 | 646 | 668 | 651 | 699 | 759 | 664 | 196 | 188 | 197 |
| मुंबई (सीबीबी के अलावा) | 667 | 722 | 673 | 41 | 43 | 89 | 424 | 466 | 390 | 86 | 80 | 81 |
| नोएडा | 754 | 810 | 762 | 185 | 191 | 186 | 361 | 394 | 355 | 86 | 83 | 66 |
| पंचकूला | 650 | 698 | 655 | 803 | 830 | 811 | 425 | 463 | 410 | 146 | 140 | 146 |
| पटियाला | 582 | 623 | 606 | 1154 | 1192 | 1164 | 420 | 458 | 452 | 101 | 95 | 104 |
| विजयवाड़ा | 640 | 686 | 674 | 69 | 71 | 82 | 427 | 462 | 442 | 80 | 75 | 72 |
| सीबीबी दिल्ली | 34 | 38 | 37 | 18 | 19 | 18 | 214 | 228 | 218 | 11 | - | 6.80 |
| सीबीबी मुंबई | 2 | 5.20 | 2 | 69 | 69 | 1041 | 287 | 330 | 374 | 0.03 | - | 0.04 |
| **बैंक के कुल आंकड़े** | **16034** | **17618** | **15684** | **11938** | **12914** | **12085** | **13154** | **17891** | **13161** | **4665** | **4257** | **4141** |

# बैंकिंग उद्योग की चुनौतियां एवं निवारण

विन्नी शर्मा

किसी भी देश के आर्थिक विकास का मुख्य आधार उस देश का बुनियादी ढाँचा होता है। यदि बुनियादी ढाँचा ही कमज़ोर हो तो कितना भी प्रयास किया जाए व्यवस्था को मज़बूत नहीं बनाया जा सकता है। यही कारण है कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में विकास एवं उन्नति हेतु किये जाने वाले प्रयासों को बल प्रदान करने के लिये नीति निर्माताओं द्वारा एक ऐसे मार्ग का अनुसरण किया जाता है जिसके माध्यम से सरकार आम आदमी को अर्थव्यवस्था के औपचारिक माध्यम में शामिल कर सके।

यह औपचारिक माध्यम है 'बैंक'। बैंक किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। देश में वित्तीय स्थिरता बनाए रखने में बैंक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किंतु विगत कुछ वर्षों से वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय बैंकों के समक्ष विभिन्न प्रकार की चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। इस वैश्विक परिदृश्य में स्वंय को सुदृढ़ता से स्थापित करना ही सबसे बड़ी चुनौती है। इसके अतिरिक्त भारतीय बैंकों को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वह इस प्रकार है:-

1. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एनपीए के चलते बैंकों को मिलने वाला लाभ कम हो जाता है, जिससे सरकार के पास राजस्व कम पहुँचता है, ऐसे में सरकार की निवेश करने की क्षमता में गिरावट आती है।निवेश कम होने से अर्थव्यवस्था की विकास दर कम हो जाती है, साथ ही बेरोज़गारी की समस्या में बढ़ोतरी होती है।

2. बैंकों में एनपीए की वृद्धि से नए लोगों को ऋण मिलने में कठिनाई होती है, जिससे अर्थव्यवस्था का आकर सिकुड़ता है। जमाकर्ताओं का बैंक पर विश्वास कमज़ोर हो जाता है और वे बैंक में पैसा जमा करने से कतराते हैं। एनपीए के कारण जब बैंक को ऋण की राशि प्राप्त नहीं हो पाती तो उसकी प्रोविजनिंग के लिये उसे मुनाफ़े से एक निश्चित राशि अलग रखनी होती है, जिससे बैंक का लाभ कम होता है जिसका असर ग्राहक सेवाओं तथा उन्नयन पर पड़ता है।

3. त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) के तहत बैंक को पूंजी अपर्याप्तता और उच्च एनपीए जैसे कारकों के आधार पर आरबीआई द्वारा पीसीए ढांचे के तहत रखा जाता है। जिसके

परिणामस्वरूप बैंकों की ऋण देने और जमा लेने की क्षमता सीमित हो जाती है।

4. पीसीए लागू होने के बावजूद, बैंकों में वसूली या तो स्थिर रही है या मामूली रूप से बढ़ी है। इस पर यह तथ्य प्रकट हुआ कि आरबीआई को इन बैंकों को एक रोडमैप प्रदान करना चाहिए ताकि वे पीसीए से बाहर आ सकें और सामान्य परिचालन फिर से शुरू कर सकें। इसके अलावा यह पाया कि पीसीए के तहत और अधिक बैंकों को लाने से बैंकिंग क्षेत्र और अर्थव्यवस्था दोनों पर असर पड़ेगा, क्योंकि इससे ऋण उपलब्धता की समस्या और बढ़ जाएगी।

5. राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का प्रदर्शन दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) के तहत बड़े एनपीए का समाधान 270 दिनों की निर्धारित समय अवधि से बहुत अधिक समय ले रहा है।जिससे वसूली बाधित होती है।

6. साइबर सुरक्षा खतरे बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के लिए एक बढ़ती हुई चिंता है, जिससे वित्तीय और प्रतिष्ठा को काफी नुकसान पहुंचने की संभावना है।सुरक्षा बैंकिंग उद्योग की प्रमुख चुनौतियों में से एक है।

7. बाजार प्रतिस्पर्धा में स्वयं को बनाए रखने के उद्देश्य से प्रबंधन द्वारा कार्मिकों पर अत्यधिक दबाव डाला जाता है जिससे उनका सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन प्रभावित होता है एवं उनकी कार्यक्षमता में गिरावट आती है।

8. डिजिटल बैंकिंग अब विलासिता नहीं बल्कि आवश्यकता बन गई है। 90% से ज़्यादा उपभोक्ता डिजिटल बैंकिंग को बैंक चुनने में अहम कारक मानते हैं। सुविधा, कम शुल्क, आसान पहुँच और उपयोग, आपकी सभी वित्तीय सेवाओं को सुव्यवस्थित करना - इसके फ़ायदे व्यावहारिक रूप से अंतहीन हैं। डिजिटलीकरण और उभरती उपभोग प्रवृत्तियों के साथ देनदारियों का चरित्र बदल रहा है, जिसका असर खुदरा जमा पर पड़ रहा है। उच्च क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात रखने वाले बैंकों को तरलता कवरेज में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

9. जब भी कोई नया तकनीकी समाधान सामने आता है, तो कोई न कोई उसे हैक करने की कोशिश करता है। मोबाइल बैंकिंग की बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद, सुरक्षा उल्लंघन एक बड़ा खतरा बना हुआ है। हालाँकि वे अपनी भौतिक शाखाओं में स्वयं-सेवा समाधानों के लिए सुरक्षित प्रमाणीकरण की पेशकश कर सकते हैं, लेकिन वित्तीय संस्थाओं को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता होगी कि उनके मोबाइल प्लेटफॉर्म डेटा सुरक्षा का समान स्तर प्रदान कर सकें।

10. बैंकों को डाटा गोपनीयता से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उपभोक्ता इस बात को लेकर अधिक चिंतित हो रहे हैं कि उनकी व्यक्तिगत जानकारी का किस तरह से उपयोग किया जा रहा है। थर्ड-पार्टी वेंडर्स से लेकर लीगेसी सिस्टम तक, बैंकों को डाटा गोपनीयता के मामले में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

11. अनुपालन प्रबंधन से जुड़ी लागत बैंकिंग उद्योग की कई चुनौतियों में से एक है, जो वित्तीय संस्थानों को उनके व्यवसाय करने के तरीके को बदलने के लिए मजबूर करती है।

12. पूंजी की बढ़ती लागत के साथ-साथ निरंतर कम ब्याज दरें, इक्विटी पर घटता रिटर्न और मालिकाना व्यापार में कमी, ये सभी बैंकिंग लाभप्रदता के पारंपरिक स्रोतों पर दबाव डाल रहे हैं।

इन चुनौतियों से निपटा जा सकता है आवश्यकता है, बैंकिग प्रणाली एवं कार्य परिस्थितियों को रिफॉर्म करने की। संरचनात्मक बदलाव के लिये बैंकरों की ओर से सतर्कता एवं विवेक की आवश्यकता है, जहाँ अनुकूल परिस्थितियों के बीच सावधानीपूर्वक निगरानी आवश्यक है। भेद्यताओं को दूर करने के लिये, सरकार को विनियामक उपायों को परिष्कृत करना चाहिये, बैंकों को विविध ऋण पोर्टफोलियो विकसित

कर सकने में सक्षम बनाना चाहिये, विशिष्ट क्षेत्रों के लिये नियामकों की स्थापना करनी चाहिये और जानबूझकर किये गए डिफ़ॉल्ट से प्रभावी ढंग से निपटने के लिये अधिक अधिकार प्रदान करना चाहिये। बैंकों को नकदी प्रवाह में संभावित व्यवधानों को ध्यान में रखते हुए एसएमई के लिए संभावित जोखिमों का सावधानीपूर्वक आकलन और तैयारी करने की आवश्यकता है। पीसीए के तहत बैंकों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और प्रतिबंधों में ढील दी जाए और उनकी समीक्षा की जाए, खासकर उन बैंकों के लिए जहां खुदरा बैंकिंग भी प्रतिबंधित है। धोखाधड़ी के मामले में आरबीआई की जल्दबाजी वाली प्रतिक्रिया, जैसे सस्ते ऋण प्रदान करने वाले लेटर ऑफ अंडरटेकिंग को बंद करना, से बचना चाहिए, क्योंकि वे ऋण वृद्धि में बाधा डालते हैं। इसके अतिरिक्त कार्मिकों के लिए उचित एवं सौहार्दपूर्ण नीतियां निर्मित की जाएं ताकि उनकी वर्क लाइफ बैलेंस हो सके। भारतीय बैंकिंग के क्षेत्र में, ब्लॉकचेन जैसी प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन से विवेकपूर्ण पर्यवेक्षण को सुगम बनाने की क्षमता है, जिससे बैंकों पर निगरानी और नियंत्रण अधिक सुव्यवस्थित हो जाएगा।

बैंक ग्राहकों को आकर्षित करने और उन्हें बनाए रखने के लिए नए और अभिनव उत्पाद और सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, वे ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल बैंकिंग, ब्लॉकचेन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों में निवेश कर सकते हैं। बैंक परिचालन को सुव्यवस्थित करके, प्रक्रियाओं को स्वचालित करके और गैर-प्रमुख कार्यों को आउटसोर्स करके लागत कम कर सकते हैं। बैंक अपनी कार्यकुशलता, पहुंच बढ़ाने और अधिक व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने परिचालन, प्रक्रियाओं और ग्राहक संपर्कों को डिजिटल बना सकते हैं। बैंक संभावित हानियों की बेहतर पहचान करने और उन्हें कम करने के लिए जोखिम प्रबंधन प्रथाओं में सुधार कर सकते हैं, जिससे उन्हें स्थिरता बनाए रखने और निवेशकों को आकर्षित करने में मदद मिल सकती है।

